2024-25 रबी विपणन मौसम में फ़सलों का एम एस पी बनाम पिछली व्यापक उत्पादन लागत

2024-25 रबी विपणन मौसम में फ़सलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य और पिछले साल उनकी व्यापक उत्पादन लागत पर एक नज़र डालते है। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने 2024-25 रबी विपणन मौसम के लिए भारत की रबी फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है।

इन लागतों के आधार पर, सी ए सी पी ने रबी फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की सिफारिश की थी जिसे 18 अक्तूबर, 2023 को भारतीय मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी थी।

सी ए सी पी गणना के अनुसार, फ़सलों के उत्पादन की लागत में ए2 (वास्तविक भुगतान की गई लागत), ए2+एफ एल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) और सी2 [स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}] शामिल हैं।

आयोग प्रत्येक फ़सल के लिए उत्पादन लागत का अनुमान लगाने के लिए राज्यवार वास्तविक लागत अनुमान लेता है।

आयोग ने 2024-25 रबी विपणन मौसम के लिए अनुमानित उत्पादन लागत की गणना के लिए 2023-24 रबी विपणन मौसम में उत्पादन लागत को ध्यान में रखा है।

आगामी रबी मौसम के लिए सबसे कम व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना जौ के लिए की गई है जो कि 1,614 रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन 1,652 रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं और जौ का समर्थन मूल्य क्रमश: 2,275 रुपये प्रति क्विंटल और 1,850 रुपये प्रति क्विंटल है।

दालों में, मसूर के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 4,890 रुपये प्रति क्विंटल और चना के लिए 4,547 रुपये प्रति क्विंटल है। मसूर और चना का एम एस पी क्रमश: 6,425 रुपये प्रति क्विंटल और 5,440 रुपये प्रति क्विंटल है।

तिलहनों में, सी ए सी पी ने तोरिया-सरसों के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना 4,068 रुपये प्रति क्विंटल और कुसुम के लिए 5,414 रुपये प्रति क्विंटल की है। तोरिया-सरसों का एम एस पी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल और कुसुम के लिए 5,800 रुपये प्रति क्विंटल है।

रबी फसलों की अखिल भारतीय अनुमानित उत्पादन लागत और 2024-25 रबी विपणन मौसम के लिए एम एस पी

फ़सल	2023-24 रबी विपणन मौसम की उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल)			2024-25 का एम एस पी (रुपए/ क्विंटल)
	*ए2	**ए2+एफएल	#सी2	
गेहूं	903	1,128	1,652	2,275
जौ	758	1,158	1,614	1,850
चना	2,651	3,400	4,547	5,440
मसूर	2,543	3,405	4,890	6,425
तोरिया-सरसों	1,957	2,855	4,068	5,650
कुसुम	2,830	3,807	5,414	5,800

स्रोत: सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत [भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)]